## श्री पुष्कर मेला - 2017

## पुष्कर मेले का शुभारम्भ शनिवार को

अजमेर, 27 अक्टूबर। अन्तर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले का शुभारम्भ शनिवार 28 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे मेला मैदान में ध्वजारोहण के साथ किया जाएगा।

मेला अधिकारी एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. एस.एस.चन्दावत ने बताया कि राज्य सरकार के संसदीय सचिव एवं पुष्कर विधायक श्री सुरेश सिंह रावत कल प्रातः 10 बजे झण्डारोहण के साथ मेले की शुरूआत करेंगे। जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों सहित आमजन उपस्थित रहेंगे। मेले के पहले दिन नगाड़ा वादन, ग्रुप डांस, माण्डना प्रतियोगिता, देशी एवं विदेशी सैलानियों में फुटबॉल मैच, शिल्प ग्राम का शुभारम्भ, दीपदान, रंगोली, महाआरती तथा श्याम को मेला मैदान पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## आगामी उप चुनाव के लिए विभिन्न प्रकोष्ठ गठित

अजमेर, 27 अक्टूबर। आगामी लोकसभा उप चुनाव 2017 का कार्य सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपादित कराने के लिए विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गौरव गोयल ने बताया कि उप चुनाव कार्य को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपादित करने के लिए विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन कर प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में कार्य करेंगे। रिटर्निंग ऑफिसर प्रकोष्ठ के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन श्री कैलाश चंद शर्मा को नियुक्त किया गया। जबकि सहायक प्रभारी अधिकारी सुश्री टीना डाबी आईएएस, कोषाधिकारी श्री मनोज शर्मा, सहायक विधि परामर्शी श्री कमल विश्नोई, जिला राजस्व लेखाकार श्री सी.पी.टेलर, कनिष्ठ विधि अधिकारी श्री नंद किशोर बाकोलिया को लगाया है। निर्वाचन शाखा के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन श्री कैलाश चन्द्र शर्मा होंगे तथा सहायक प्रभारी अधिकारी आईएएस सुश्री टीना डाबी, प्रोटोकॉल अधिकारी श्री आलोक जैन, तहसीलदार निर्वाचन श्रीमती अदित्या सिंह होंगी। ईवीएम व वीवीपेट तथा जिला निर्वाचन स्टोर प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री भगवत सिंह राठौड़, जिला रसद अधिकारी श्री संजय माथुर होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी सह आचार्य राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय श्री रोहित मिश्रा, विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर विभाग राजकीय

अभियांत्रिकी महाविद्यालय के डॉ. राकेश राठी, तहसीलदार राजस्व मण्डल की श्रीमती सुनिता यादव, एडीआईओ एनआईसी के श्री तेजा सिंह, व.व्या. डाईट मसूदा के श्री प्रदीप मेहरोत्रा होंगे। मजिस्ट्रेट/ माईक्रो पर्यवेक्षक नियुक्ति एवं कानून व्यवस्था प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त कलक्टर शहर श्री अरविंद सेंगवा होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी सहायक विधि परामर्शी कलेक्ट्रेट श्री कमल विश्नोई, कनिष्ठ विधि अधिकारी कलेक्ट्रेट के श्री नन्द किशोर बाकोलिया होंगे।

उन्होंने बताया कि मतदान एवं मतगणना दल गठन प्रकोष्ठ के लिए प्रभारी अधिकारी सचिव माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की श्रीमती मेघना चौधरी, सचिव प्रशासन एवीवीएनएल के श्री कैलाश चन्द लखारा होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी डीआईओ एनआईसी के श्री अंकुर गोयल होंगे। स्वीप प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी उपायुक्त प्रशासन नगर निगम सुश्री ज्योति ककवानी होंगी। सहायक प्रभारी अधिकारी आईएएस प्रशिक्षु सुश्री टीना डाबी, अधिशाषी अभियंता जिला परिषद के श्री हरीश, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक द्वितीय के श्री तेजपाल उपाध्याय, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक प्रथम श्रीमती दर्शना होंगी। रूट चार्ट एवं वर्किंग कॉपी प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी जिला रसद अधिकारी श्री संजय माथुर होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री विनोद कुमार, जिला रसद अधिकारी द्वितीय श्री विनय शर्मा होंगे। सरकारी एवं निजी वाहन व्यवस्था प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्री अरविंद सेंगवा होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री विनोद कुमार, जिला परिवहन अधिकारी श्री प्रकाश टहलियानी, जिला परिवहन अधिकारी केकड़ी श्री अनिल पण्ड्या, जिला परिवहन अधिकारी ब्यावर के श्री त्रिलोक चंद मीना, जिला परिवहन अधिकारी किशनगढ़ के श्री अरूण कुमार माथुर होंगे।

उन्होंने बताया कि आचार संहित प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी श्री अतिरिक्त कलक्टर द्वितीय श्री अबु सूफियान चौहान होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण के श्री अशोक कुमार चतुर्थ, वरिष्ठ विधि अधिकारी विकास प्राधिकरण के श्री सूर्यप्रकाश दौसाया होंगे। चुनाव नियंत्रण कक्ष एवं वीडियोग्राफी प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग की श्रीमती अनुपमा टेलर होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी कार्यवाहक कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के श्री नितेश यादव होंगे। लाईट, माई टेन्ट प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी आयुक्त नगर निगम अजमेर श्री हिमांशु गुप्ता होंगे। सहायक लेखाधिकारी जिला परिषद के श्री दिलीप शेखावत, सहायक लेखाधिकारी जिला परिषद के श्री गोविंद ननवानी, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग नगर खण्ड के श्री अविनाश शर्मा, अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग नगर खण्ड के श्री दीपक भार्गव होंगे। स्ट्रांग रूम एवं मतगणना केन्द्र का चयन तथा व्यवस्था प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी उपायुक्त  अजमेर विकास प्राधिकरण के श्री हेमन्त स्वरूप माथुर होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी विशेषाधिकारी अजमेर विकास प्राधिकरण के श्री सुखराम खोखर,

अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग नगर खण्ड के श्री अविनाश शर्मा, अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग नगर खण्ड के श्री दीपक भार्गव, अधिशाषी अभियंता अजमेर विकास प्राधिकरण के श्री अनुप टण्डन होंगे। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद के श्री भगवत सिंह राठौड़, जिला आबकारी अधिकारी श्री नाथूलाल राठी होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी एसीपी कलेक्ट्रेट श्री भगवती प्रसाद, सहायक विधि परामर्शी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के श्री अनिल गुप्ता होंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि डाकमत पत्र एवं ईडीसी प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी उप निदेशक क्षेत्रीय स्थानीय निकाय विभाग के श्री किशोर कुमार होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी आईएएस प्रशिक्षु सुश्री टीना डाबी, वरिष्ठ लेखाधिकारी अजमेर विकास प्राधिकरण की श्रीमती रश्मि बिस्सा, सहायक लेखाधिकारी प्रथम अजमेर विकास प्राधिकरण के श्री श्याम सुन्दर राठी होंगे। मतपत्र, मुद्रण प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी कोषाधिकारी श्री मनोज शर्मा होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी सहायक लेखाधिकारी कोषालय के श्री हरिराम अग्रवाल होंगे। लेखा संबंधी कार्य के प्रभारी अधिकारी श्री मुख्य लेखा अधिकारी राजस्व मण्डल के श्री अतुल खण्डेलवाल, वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री अजमेर विकास प्राधिकरण की श्रीमती रश्मि बिस्सा होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी वरिष्ठ लेखाधिकारी कलेक्ट्रेट के श्री गंगाधर होंगे। अभ्यर्थियों का निर्वाचन व्यय लेखा जांच प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय श्री अबु सूफियान चौहान होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी मुख्य लेखाधिकारी आरआरटीआई की श्रीमती प्रतिभा चुण्डावत, अतिरिक्त कोषाधिकारी श्री हेमन्त गुप्ता होंगे। पीओएल, अल्पाहार एवं रसद व्यवस्थाएं प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी जिला रसद अधिकारी श्री संजय माथुर, जिला रसद अधिकारी द्वितीय के श्री विनय शर्मा होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन अधिकारी जिला रसद कार्यालय के श्री मोहम्मद सादिक होंगे। चुनाव पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण के श्री हेमन्त स्वरूप माथुर होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी सहायक आबकारी अधिकारी श्री गिरवर शर्मा, वाणिज्य कर अधिकारी के श्री दिनेश गुप्ता, उप पंजीयक द्वितीय श्री बी.एस.मीणा होंगे। यात्रा भत्ता भुगतान लेखा प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी वितीय सलाहकार जवाहर लाल नेहरू आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के श्री शैलेन्द्र कुमार परिहार होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी लेखाधिकारी आयुर्वेद निदेशालय के श्री चन्द्रशेखर शर्मा होंगे। सांख्यिकी प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी उप निदेशक सांख्यिकी विभाग की श्रीमती पुष्पा सिंह होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी सहायक लेखाधिकारी सांख्यिकी विभाग के श्री मुरलीधर दायमा, निक द्वारा समस्त प्रकार की सूचनाएं संप्रेषण प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण के श्री अशोक कुमार चतुर्थ होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी डीआईओ एनआईसी के श्री अंकुर गोयल, एडीआईओ एनआईसी के श्री तेजा सिंह होंगे।

उन्होंने बताया कि मीडिया एवं निर्वाचन मागदर्शिका मुद्रण प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण के श्री अशोक कुमार चतुर्थ होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी उप निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग  श्री महेश चंद्र शर्मा, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के एपीआरओ श्री भानुप्रताप गुर्जर एवं संतोष प्रजापति होंगे। पास बैजेज एवं अधिकारियों के ठहराने की व्यवस्था प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी नगर निगम के आयुक्त श्री हिमांशु गुप्ता होंगे। लाईव वैब कास्टिंग प्रकोष्ठ की प्रभारी सुश्री टीना डाबी एवं अवीवीएनएल के सचिव श्री कैलाश चन्द्र लखारा होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी एसीपी श्री भगवती प्रसाद शर्मा होंगे। साफ सफाई आवास प्रकोष्ठ के प्रभारी नगर निगम के आयुक्त श्री हिमांशु गुप्ता होंगे।